संख्या : 132/2018/2485/छप्पन-2018-43/2015

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 08 दिसम्बर, 2018

विषय: राजकीय वायुयान हॉकर 900 एक्सपी, वी0टी0-यू0पी0एम0 के लिए एफ0सी0यू0 ओवरहॉल एक्सचेन्ज के आधार पर तथा नये इंस्टालेशन किट क्रय किए जाने हेतु पुनरीक्षित वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3978/ना0उ0नि0/इंजी/ए-2/2015(पी), दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- आपके संदर्भगत पत्र में अवगत कराया गया है कि राजकीय वायुयान हॉकर 900 एक्सपी, वी0टी0-यू0पी0एम0 के लिए एफ0सी0यू0 ओवरहॉल एक्सचेन्ज के आधार पर तथा नये इंस्टालेशन किट क्रय किए जाने हेतु शासनादेश संख्या-129/2018/2473/छप्पन-2018-43/2015 दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 द्वारा रू0 48,94,196/- (रूपए अड़तालीस लाख चौरान्नबे हजार एक सौ छियान्नबे मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गई है। इस निर्गत वित्तीय स्वीकृति के संदर्भ में पार्ट निर्माता मेसर्स हनीवेल के चैनल पार्टनर मेसर्स मैग्नम एवियेशन प्रा0लि0 नोएडा द्वारा यह बताया गया है कि आदेशित पार्ट डिस्पैच से पूर्व सर्विसिबिलिटी टेस्ट को पास नहीं कर पाया जिसके कारण अब इस यूनिट की आपूर्ति किया जाना सम्भव नहीं है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व स्वीकृत पार्ट अब आउट आफ प्रोडक्शन है और इसे दुबारा सर्टिफिकेशन करने में एक माह का समय लगने की सम्भावना है। विकल्प के रूप में पार्ट संख्या 3070800-39 के स्थान पर अपग्रेडेड वर्जन पार्ट नं0 3070800-79 उपलब्ध कराया जा सकता है जिसका क्रय मूल्य रू0 73,49,552/- (रूपए तिहत्तर लाख उन्चास हजार पांच सौ बावन मात्र) है। इस प्रकार उक्त इंगित पुर्जे को क्रय करने हेतु कुल 73,49,552/- (रूपए तिहत्तर लाख उन्चास हजार पांच सौ बावन मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जानी है तथा उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 द्वारा अवमुक्त धनराशि रू0 48,94,196/- (रूपए अड़तालीस लाख चौरान्नबे हजार एक सौ छियान्नबे मात्र)

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

को घटाते हुए रू0 24,55,356/- (रूपए चौबीस लाख पचपन हजार तीन सौ छप्पन मात्र) की धनराशि व्यय हेतु अवमुक्त की जानी है। अत: राज्यपाल महोदय राजकीय वायुयान हॉकर 900 एक्सपी, वी0टी0-यू0पी0एम0 के लिए एफ0सी0यू0 ओवरहॉल एक्सचेन्ज के आधार पर तथा नये इंस्टालेशन किट क्रय किए जाने हेतु कुल रू0 73,49,552/- (रूपए तिहत्तर लाख उन्चास हजार पांच सौ बावन मात्र) की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ शासनादेश संख्या-129/2018/2473/छप्पन-2018-43/2015 दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 द्वारा अवमुक्त धनराशि रू0 48,94,196/- (रूपए अड़तालीस लाख चौरान्नबे हजार एक सौ छियान्नबे मात्र) को घटाते हुए अवशेष धनराशि रू0 24,55,356/- (रूपए चौबीस लाख पचपन हजार तीन सौ छप्पन मात्र) को व्यय/अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 38 के राजस्व लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में दिए गए प्राधिकार के अन्तर्गत जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

पृ0सं0: 132/2018/2485(1)/छप्पन-2018-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- उप महालेखाकार ई0एस0।।। आडिट भवन, टी0सी0-ई0वी-।, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ-।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।